17/8/21 पत्रावली पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप० प्रतिवादी बावजूद तामील अनु० अतः एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। बहस एकपक्षीय सुनी गयी। पत्रावली वास्ते निर्णय 24/8/21 को पेश हो।

24/8/21 पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप0। पत्रावली में बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया था कि जमाबन्दी 2056—59 में वादग्रस्त आराजी में हिस्सा 2/5 की

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)

खातेदारी यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण दिनेश बत्रा पुत्र एस.एल. बत्रा जाति अरोडा (खत्री) के नाम दर्ज रिकार्ड है जो सही है। परन्तु जमाबन्दी 2075—78 में खातेदार के नाम को दो टुकडो में विभक्त कर दिनेश बत्रा पुत्र एस. एल. बत्रा हिस्सा 1/5, यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण हिस्सा 1/5 गलत दर्ज कर दिया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी 2056—59 व विक्रय पत्र जिनमें सही नाम है की प्रतियां पेश किये।

बहस पर मनन व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड, दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी के वर्तमान राजस्व रिकार्ड में खातेदार के नाम को दो टुकडो में विभक्त कर दिनेश बत्रा पुत्र एस.एल. बत्रा हिस्सा 1/5, यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण हिस्सा 1/5 गलत दर्ज कर दिया। प्रार्थी का कथन कि खातेदार का सही नाम यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण दिनेश बत्रा पुत्र एस.एल. बत्रा जाति अरोडा (खत्री) हिस्सा 2/5 है की पुष्टि जमाबन्दी 2056—59 व विक्रय पत्र जिनमें सही नाम है से होती है। इस प्रकार प्रस्तुत रिकॉर्ड, दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना उचित है।

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा निम्नानुसार दुरुस्ती के आदेश दिये जाते हैः—

राजस्व ग्राम	भूमि का विवरण	वर्तमान प्रविष्टि	अमल दरामद की जाने वाली प्रविष्टि
महावा	खाता सं० 190	दिनेश बत्रा पुत्र एस.एल. बत्रा हिस्सा 1/5, यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण हिस्सा 1/5	यूलान बिल्टेक प्रा० लि० प्लाट नं03 सैकण्ड फ्लोर गगन विहार नई दिल्ली डायरेक्टर श्रीमति पुजा मोले पत्नी पुनीत मोले जाति ब्राह्मण दिनेश बत्रा पुत्र एस.एल. बत्रा जाति अरोडा (खत्री) हिस्सा 2/5

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
	शेष इन्द्राजात बदस्तूर रहे। पत्रावली बाद फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर दफ्तर दाखिल हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (सीकर)	